आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- राज्यपाल ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का किया आहवान–सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को प्रदान की डिग्रियां।
- संजौली मस्जिद कमेटी ने नगर निगम शिमला को ज्ञापन सौंपकर मस्जिद के अवैध हिस्से को सीज़ रखने की मांग की।
- कांग्रेस का आरोप– पूर्व भाजपा सरकार ने मस्जिद निर्माण के लिये दी धनराशि, जयराम ठाकुर ने कहा–राज्य सरकार ने नहीं किया जन भावनाओं का सम्मान।
- प्रदेश के अनेक भागों में आज व कल भारी वर्षा का यलो अलर्ट– किन्नौर के छितकुल इलाके में हल्की बर्फबारी से तापमान में गिरावट।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के पहले दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की और 3 सौ 33 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने 12 स्वर्ण पदक विजेताओं सहित 36 मेधावी विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भारत में युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसर हैं और देश की आबादी में से 55 प्रतिशत से अधिक युवा 25 वर्ष से कम के है। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

विक्रमादित्य–अनिरूद्ध

संजौली मस्जिद विवाद को लेकर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज शिमला में एक संयुक्त प्रैस वार्ता में कहा कि प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को सुरक्षित करना सरकार का काम है। उन्होंने कहा कि संजौली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की पहल की है। ज्ञापन में कहा गया है कि कोर्ट का निर्णय आने तक मस्जिद का अवैध हिस्सा सीज रखा जाए। दोनों मंत्रियों ने कहा कि सरकार ने इस मामले में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों पर आधारित एक कमेटी बनाकर समाधान निकालने की बात कही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ संगठनों ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए संजौली का माहौल खराब करने की कोशिश की है और सरकार किसी को भी कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं देगी। दोनों मंत्रियों ने आरोप लगाया कि कुछ राज्यों में चल रहे चुनावों में राजनीतिक फायदा लेने के लिए भाजपा ने इस मामले को मुद्दा बनाने की कोशिश की है। अनिरूद्ध सिंह ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने इस मस्जिद के निर्माण के लिए 12 लाख रूपये दिए, जबकि प्लानिंग से भी दो लाख रूपये दिए गए हैं।

जयराम

दूसरी ओर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह के आरोपों को तथ्यहीन बताया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में अनिरूद्ध सिंह द्वारा दिए गए बयान के

बाद उन पर कांग्रेस हाईकमान का भारी दबाव है और वे अपनी कुर्सी बचाने के लिए भाजपा पर आधारहीन आरोप लगा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार संजौली मस्जिद प्रकरण में पूरी तरह बेनकाब हो गई है और मुख्यमंत्री व उनके मंत्री जनभावनाओं को आहत कर रहे हैं। विपक्ष के नेता ने कहा कि प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करवाने को लेकर प्रदेश के लोगों में गुस्सा है और राज्य सरकार जनभावनाओं को समझने में नाकाम रही है।

संजौली विवाद

शिमला के संजौली में विवादित मस्जिद को लेकर कल विभिन्न संगठनों द्वारा किये गए प्रदर्शन के बाद आज शिमला व्यापार मण्डल के आहवान पर राजधानी शिमला के सभी मुख्य बाज़ार दोपहर एक बजे तक बंद रहे। प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा किये गये कथित लाठीचार्ज के विरोध में व्यापार मण्डल के सदस्यों ने शिमला में आज एक रोष रैली भी निकाली। उपायुक्त कार्यालय के बाहर रैली को संबोधित करते हुये शिमला व्यापार मंडल के प्रधान संजीव ठाकुर ने कहा कि प्रशासन तक अपनी आवाज़ पहुँचाने के मकसद से यह रोष रैली निकाली गई। उन्होंने मांग की कि बाहरी राज्यों से आए ऐसे लागों पर सख्ती की जाए, जो बिना पहचान बताए यहां अपना कारोबार कर रहे हैं।

सीताराम येचुरी

वरिष्ठ सीपीएम नेता और पूर्व सांसद सीताराम येचुरी का आज नई दिल्ली में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सीताराम येचुरी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी के उत्थान के लिए सीताराम येचुरी द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

विश्व हिंदू परिषद

विश्व हिंदू परिषद ने कल संजौली में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की निंदा की है। परिषद के प्रांत मंत्री तुषार डोगरा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि देश का संविधान सभी को शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने और आंदोलन की अनुमति देता है, लेकिन पुलिस द्वारा लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश की गई जो निंदनीय है। तुषार डोगरा ने आरोप लगाया कि अनेक प्रवासी व्यक्ति हिमाचल में असमाजिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं और अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जो को तुरंत प्रभाव से खाली करवाने और संजौली में अवैध तरीके से बनाई गई मस्जिद को हटाने की मांग की है।

टंडन

प्रदेश भाजपा सहप्रभारी संजय टंडन ने पार्टी पदाधिकारियों को भाजपा के सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया है। आज सोलन में पार्टी मंडल सदस्यता अभियान कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में अब 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने की स्वीकृति दी है। संजय टंडन ने कहा कि इससे 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को फायदा मिलेगा। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में आयुष्मान भारत और हिमकेयर योजनाओं को बाधित करने के प्रयासों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

संजय अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि मेले व त्योहार हमारी ऐतिहासिक परम्परा को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने आज सोलन ज़िले के सुबाथू में ज़िला स्तरीय श्री गुगा माड़ी मेले में शिरकत की और लोगों को इस मौके पर शुभकामनाएं दी। अवस्थी ने लोगों से अपनी संस्कृति, हस्तशिल्प और परम्पराओं को सहेजने में मदद का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है और सभी के सहयोग से आत्मनिर्भर हिमाचल का सपना पूरा होगा। संजय अवस्थी ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोलने का निर्णय लिया गया है।

केवल सिंह पठानिया

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि कांगड़ा ज़िले में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की थौला बस्ती–भोई सड़क के निर्माण पर नाबार्ड के सहयोग से 5 करोड़ 77 लाख रूपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने आज इस सड़क के कार्य का भूमि पूजन किया और बताया कि इससे लगभग 3 हज़ार की आबादी लाभान्वित होगी। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि बनोई से कल्याड़ा सड़क पर शहीद विनोद कुमार की याद में गेट का निर्माण करवाया जाएगा।

प्राकृतिक खेती

प्रदेश में अब तक एक लाख 92 हज़ार किसान ''प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना'' से जुड़ चुके हैं और इनमें से एक लाख 43 हज़ार किसानों का प्रमाणीकरण किया जा चुका है। फ्रांस के राष्ट्रीय कृषि, खाद्य व पर्यावरण अनुसंधान संस्थान की प्रतिनिधि प्रोफेसर एलिसन लोकंटो ने आज शिमला में कृषि निदेशालय का दौरा किया। उन्होंने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्व–प्रमाणीकरण की दिशा में भविष्य में फ्रांस हिमाचल सरकार के साथ काम कर सकता है। इस मौके पर संयुक्त कृषि निदेशक रविन्द्र सिंह जसरोटिया ने बताया कि इस वर्ष 36 हज़ार किसानों को प्राकृतिक खेती के दायरे में लाया जाएगा।

इग्नू

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू ने जुलाई 2024 सत्र के लिए सभी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिग्री व डिप्लोमा पाठयक्रमों में नए प्रवेश की अंतिम तिथि 20 सितंबर तक बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के शिमला स्थित क्षेत्रीय केंद्र के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक जोगिंद्र कुमार यादव ने बताया कि इसके इलावा विलम्ब शुल्क के साथ पुनः पंजीकरण की तिथि भी 20 सितंबर तक बढ़ाई गई है। इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की बैवसाईट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में आज हल्की वर्षा हुई। मौसम विभाग ने आज और कल मैदानी व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। किन्नौर ज़िले के छितकुल व आसपास के क्षेत्रों में आज हल्की बर्फबारी हुई। नरदुम पहाड़ी पर लगभग 2 इंच बर्फबारी का समाचार है। अगले 24 घंटों के दौरान कुल्लू, शिमला, किन्नौर और सिरमौर जिलों में बाढ़ की चेतावनी देते हुए प्रशासन ने लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 17 सितंबर तक मौसम के खराब रहने के आसार हैं।

## अग्निवीर

भारतीय सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए मंडी, कुल्लू और लाहौल–स्पीति जिलों के ऑनलाईन परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा 18 से 24 नवम्बर तक मंडी के पड्डल मैदान में होगी। इसके लिए लिखित परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार पहली नवम्बर के बाद ऑनलाईन माध्यम से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।